उल्टा पुल्टा

मरीज : डॉक्टर साहब ऑपरेशन पूरी सावधानी से करिएगा?
डाक्टर : ऐसा क्यूं कहा?
मरीज : क्यूकि सर्जन और विसर्जन में बस जरा सा ही अंतर है?
ऑपरेशन सही हुआ तो आप सर्जन और अगर हाथ हिल गया तो मेरा विसर्जन...

# हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे स्मार्ट एंत्रप्रेन्योर के साथ जिम्मेदार नागरिक भी बन रहे हैं: सिसोदिया

## मनीष सिसोदिया ने सर्वोदय कन्या विद्यालय मंडावली नंबर एक का दौरा किया

**नई दिल्ली,**12 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को जॉब सीकर बनने के बजाय जॉब प्रोवाइडर बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए बिज़नेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम ने अपने पहले साल में शानदार उपलब्धियां हासिल की। इसके दूसरे साल में भी केजरीवाल सरकार के स्कूलों के बच्चे अपने शानदार बिज़नेस आइडियाज के दम पर बडिंग एंत्रप्रेन्योर बनने की शुरुआत कर चुके है। बिज़नेस ब्लास्टर्स कार्यक्रम के क्रियान्वयन के साथ-साथ बच्चों के शानदार बिज़नेस आइडियाज को जानने के लिए सोमवार को उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने सर्वोदय कन्या विद्यालय मंडावली नंबर एक का दौरा किया और छात्राओं से उनके बिज़नेस आइडियाज के बारे में चर्चा की। इस मौके पर श्री सिसोदिया ने कहा कि कम उम्र से ही अपने स्टार्ट-अप्स शुरू कर बिज़नेस के कोर एलिमेंट्स को समझते हुए हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे स्मार्ट एंत्रप्रेन्योर के साथ जिम्मेदार नागरिक भी बन रहे है। मुझे यह देख कर खुशी कि हमारे स्कूलों के बच्चे अपना बिज़नेस शुरू करने का सपना देख रहे है और अपने-अपने क्षेत्रों में कुछ नए प्रयोग करने के लिए बेताब है, इनकी इस बेताबी को दिल्ली सरकार सपोर्ट करेगी, इसी से आने वाले समय की नई नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि बिज़नेस ब्लास्टर्स के माध्यम से हमारे स्टूडेंट्स की नौकरी तलाशने वाले से नौकरी बनाने वाले तक की यात्रा शुरू है, इनके अनूठे बिज़नस आइडियाज भविष्य की बहुराष्ट्रीय कंपनियों में तब्दील होंगे। बिजनेस ब्लास्टर्स ने छात्रों के लिए करियर की परिभाषा को पूरी तरह से बदल दिया है। अब हमारे स्कूली छात्र नौकरियों का पीछा करने के बजाय नौकरी देने वाला बन रहे है, भारत को नंबर एक देश बनाने के लिए इसी रोजगार सृजक मानसिकता की जरूरत है।



कम उम्र से ही अपने स्टार्ट-अप्स शुरू कर बिज़नेस के कोर एलिमेंट्स को समझते हुए हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे स्मार्ट एंत्रप्रेन्योर के साथ जिम्मेदार नागरिक भी बन रहे है:- **मनीष सिसोदिया, उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री**

स्कूल विजिट के दौरान स्टूडेंट्स ने उपमुख्यमंत्री के सामने अपने अनोखे बिज़नेस आइडियाज प्रस्तुत किए जैसे छोटे व्यवसायों के लिए विज्ञापन, कस्टमाइज्ड डिज़ाइनर ड्रेस, घर के लिए सजावटी सामान, कैटरिंग, आर्टिफीसियल ज्वेलरी आदि। उपमुख्यमंत्री से अपने अनुभवों को साझा करते हुए स्टूडेंट्स ने बताया कि बिज़नेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम से उनमें टीम में काम करने, प्लानिंग करने, रिस्क लेने जैसे क्षमताओं का विकास हुआ है साथ ही उनमें लीडरशिप क्वालिटी, नए आईडिया के लिए ब्रेन स्टोर्मिंग करने, टाइम मैनेजमेंट करने, अपने प्रोडक्ट को लेकर लोगों को कन्विंस करने, अपने आईडिया को और बेहतर बनाने के लिए मार्केट रिसर्च करने जैसी समझ भी आई है।

# उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने मुरादाबाद-शाहजहांपुर रेलखंड का निरीक्षण किया





**नई दिल्ली,**12 दिसम्बर (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक आशुतोष गंगल ने शमिंदर सिंह, अपर महाप्रबंधक, प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों तथा मण्डल रेल प्रबन्धक, मुरादाबाद, अजय नन्दन और मुरादाबाद मण्डल तथा उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शाहजहांपुर-मुरादाबाद रेलखंड का निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक के शाहजहांपुर स्टेशन पहुचने पर स्काउट एवं गाइड द्वारा स्वागत किया गया। शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक ने पावर केबिन, रेलवे स्टेशन पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' स्टॉल पर बांस से बने उत्पादों का, स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में बने पार्किंग तथा महिला यात्री प्रतिक्षालय का निरीक्षण किया तथा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को परखा। महाप्रबंधक ने शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर जीर्णोधार किए गए राम प्रसाद बिस्मिल हिंदी पुस्तकालय का उद्घाटन किया। शाहजहांपुर में महाप्रबंधक ने शाहजहांपुर स्टेशन पर बने एफ.ओ.बी., शाहजहांपुर स्टेशन के यार्ड में नई बनी सब-सेक्शनिंग और पैरेललिंग पोस्ट एवम नई गैंग हट का निरीक्षण किया तथा शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर पत्रकार बंधुओं को रेल परिचालन एवम मण्डल में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों से अवगत कराया। महाप्रबंधक ने मीरानपुर कटरा-बिलपुर रेलखंड में बाइगुल नदी पर बने रेलवे पुल तथा रसुइया रेलवे स्टेशन पर कर्षण वितरण के बने टी.एस.एस. का निरीक्षण किया। बरेली कैंट के बाल उद्यान प्रागंण में महाप्रबंधक आशुतोष गंगल, अपर महाप्रबंधक, शमिंदर सिंह, प्रधान कार्यालय के सभी विभागाध्यक्षों तथा अजय नन्दन, मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद द्वारा पौधारोपण किया गया। इसके पश्चात पी.पी.पी. मॉडल पर विकसित किए गए बरेली कैंट मालगोदाम का शुभारम्भ किया तथा वहां श्रमिकों एवम व्यापारियों को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया। जिसमें मुख्य रूप से सोलर पैनल से लगी लाइट की व्यवस्था, व्यापारियो के बैठने के लियें बना कक्ष , श्रमिकों के बैठने के लियें बना कक्ष, कर्मचारियो के खानपान के लिए बनी कैंटीन, मुख्य मॉल पर्यवेक्षक कार्यालय का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया गया।

## सार संक्षेप

### वेस्ट-टु-वेल्थ वैल्यू चेन की मजबूती के लिए सरकारों और उद्यमियों से काम करने की अपील

नई दिल्ली। यूफ्लेक्स लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अशोक चतुर्वेदी ने न्यूयॉर्क में न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की बैठक में एलायंस टु एंड प्लास्टिक वेस्ट बोर्ड की बैठक में मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक को दोबारा रिसाइकिल करने के बारे में अपने विचारों और दृष्टिकोण को साझा किया। यूफ्लेक्स भारत में फ्लेक्सबिल पैकेजिंग मटीरियल और सोल्यूशन के क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी है। इस कंपनी को दुनिया भर में मिक्सड प्लास्टिक वेस्ट की रिसाइक्लिंग की पहली कंपनी होने का श्रेय दिया जाता है। कंपनी का रिसाइक्लिंग संयंत्र भारत के एनसीआर क्षेत्र, नोएडा में 1995 से है। कंपनी के रिसाइक्लिंग के दिशा में किए गए प्रयासों की दावोस रिसाइक्लिंग फोरम और भारत सरकार ने पहचान की है। न्यूयॉर्क में हुई एईपीडब्ल्यू की बोर्ड मीटिंग में चतुर्वेदी ने दुनिया भर में मल्टी-लेयर मिक्स्ड प्लास्टिक के लगातार एवं अत्यावश्यक इस्तेमाल का मुद्दा मजबूती से उठाया। यह तेज रफ्तार से पैकेजिंग के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। इन्हें 100 फीसदी रीसाइकिल किया जा सकता है। चतुर्वेदी की एईपीडब्ल्यू बोर्ड के सामने दी गई प्रेजेंटेशन में नोएडा, पौलेंड और मैक्सिको में यूफ्लेक्स के रिसाइक्लिंग संयंत्र का वर्चुअल दौरा भी शामिल था।

### दिल्ली में आयोजित माइंड वॉर्स स्पेल बी में बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों ने लिया हिस्सा

नई दिल्ली। ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पेशकश माइंड वॉर्स का मकसद विभिन्न तरह के गेम्स के माध्यम से छात्रों को शिक्षा प्रदान करना है। हाल ही में आयोजित माइंड वॉर्स स्पेल बी 2022 में स्कूली छात्रों ने भाग लिया जिसका फाइनल मुक़ाबला काफी रोमांचक साबित हुआ। जाने-माने स्पोर्ट्स कमेंटेटर, होस्ट और क्विज़ मास्टर के तौर पर मशहूर चारू शर्मा ने फिनाले को होस्ट किया और अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के कार्यकारी उपाध्यक्ष उमेश बंसल ने कहा कि आम परिवेश में बच्चे शिक्षा से इतर तमाम तरह की गतिविधियों और सामूहिक परिचर्चा में भाग लिया करते हैं लेकिन आजकल कम ही छात्र ऐसी गतिविधियों का हिस्सा बन पाते हैं। ऐसे में माइंड वॉर्स स्पेल बी जैसे आयोजन के माध्यम से छात्रों को ज्ञानवर्धन के वैकल्पिक तरीका मुहैया कराया जाता है जिससे उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में भी मदद मिलती है। मैं यह जानने के लिए बेहद उत्सुक हूं कि हमारी कोशिशों से स्कूल जानेवाले छात्रों का व्यक्तित्व में किस प्रकार से निखार आ रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शबदावली को पहले से और समृद्ध बनाना और भाषा के तौर पर अंग्रेज़ी को सही तरीके से इस्तेमाल करना सिखाना था जिससे आगे जीवन में उन्हें आसानी हो।

### दिल्ली पुलिस की सब-इंस्पेक्टर को उसके वकील पति ने पीटा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की एक महिला सब-इंस्पेक्टर ने सोमवार को ट्विटर के माध्यम से बताया कि उसका वकील पति तरुण डबास उसके साथ मार-पीट करता है। दिल्ली महिला आयोग ने भी दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर एफआईआर कॉपी, एक्शन रिपोर्ट और आरोपियों की डिटेल मांगी है। महिला सब-इंस्पेक्टर द्वारा ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो का महिला आयोग ने स्वत संज्ञान लिया है। आयोग ने दिल्ली पुलिस से 16 दिसम्बर तक कार्रवाई रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है। महिला सब-इंस्पेक्टर डोली तेवतिया ने ट्वीट करते हुए लिखा कि मैं दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर हूं। वर्तमान में मातृत्व अवकाश पर हूं। कई महीनों से मुझे मेरे वकील पति तरुण डबास से दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है।

# हम संगठन को सुदृढ़ करने का काम करेंगे: सचदेवा



**नई दिल्ली,**12 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को गुरूद्वारा बंगला साहिब जाकर माथा टेका और दिल्ली की चौमुखी प्रगति के लिए अरदास की। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आर. पी. सिंह, प्रदेश मंत्री सरदार इम्प्रीत सिंह बक्शी, चांदनी चौक जिला भाजपा अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, मयूर विहार जिला भाजपा प्रवक्ता सरदार कवलजीत सिंह धीर एवं भाजपा नेता विक्रम मित्तल भी उनके साथ गए। श्री गुरूद्वारा कमेटी की ओर से सरदार भूपेन्द्र सिंह भूल्लर चेयरमैन आदि ने वीरेन्द्र सचदेवा को सरोपा भेंट कर स्वागत किया और आशीर्वाद दिया। वीरेन्द्र सचदेवा उससे पहले पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि पार्टी संगठन के निर्माण में सभी पूर्व अध्यक्षों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं सांसदों का विशेष योगदान है और उन्हीं की शुभाशीष के साथ आज से मैं पार्टी के प्रचार-प्रसार का कार्य शुरू कर रहा हूँ। सचदेवा ने कहा कि जहां हम संगठन को सुदृढ़ करने का काम करेंगे वहीं केन्द्र सरकार के माध्यम से जहां झुग्गी वहां मकान योजना के अंतर्गत अधिकाधिक गरीबों को मकान दिलवाना और अनाधिकृत कॉलोनियों में लोगों को डी.डी.ए. से मकान रजिस्ट्री दिलवाना हमारी वरियता होगी।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के मतदाताओं के बड़े वर्ग ने केजरीवाल सरकार के भ्रष्ट मंत्रियों को नगर निगम चुनाव में नकारा है और अब हम केजरीवाल सरकार के पोल खोल अभियान को और तेज करेंगे।

# गिरिडीह स्थित श्री सम्मेद शिखरजी को जैन तीर्थ क्षेत्र घोषित किया जाए: सागर

## पारसनाथ पर्यटन या अभ्यारण्य क्षेत्र नहीं बल्कि जैन आस्था का महासंगम है

**नई दिल्ली,**12 दिसम्बर (देशबन्धु)। झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित श्री सम्मेद शिखर जी जिसे पारसनाथ के नाम से भी जाना जाता है को जैन तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर सोमवार को राष्ट्र संत महायोगी श्रमण श्री 108 विहर्ष सागर जी गुरुदेव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि श्री सम्मेद शिखरजी जैनों का अनादि निधन पवित्र क्षेत्र है और इसके संरक्षण, सुरक्षा के लिए आज पूरा समाज एकजुट है। झारखंड सरकार व केंद्र सरकार से यह पुरजोर अपील की जाती है कि इस तीर्थ को अहिंसक, शाकाहार, पवित्र जैन तीर्थ घोषित किया जाए, जिसके बारे में झारखंड सरकार के अपर सचिव ने 22 अक्टूबर 2018 को कार्यालय ज्ञापन भी दिया था,





जिसमें उन्होंने लिखा कि पारसनाथ सम्मेद शिखरजी पर्वत सदियों से जैन धर्मावलंबियों का विश्व प्रसिद्ध पवित्र एवं पूजनीय तीर्थ स्थल है। इसकी पवित्रता रखने हेतु सरकार कटिबद्ध है। इसी को गजट करके सरकार जैन समाज को हित कर सकती है। श्री सम्मेद शिखरजी पर्यटन के रूप में या वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के रूप में समाज को कतई स्वीकार्य नहीं है। जैन समाज नहीं चाहता कि यहां पर पर्यटन रूपी सुविधाओं की शुरुआत की जाए। उन्होंने आगे कहा कि अतीत में कई बार पर्यटक टोंकों पर जूते चप्पल ले जाकर उसकी पवित्रता को भंग करते हैं, वहीं कुछ पर्यटक के रूप में यहां आकर मांस आदि बनाकर उसका भक्षण तक करते हैं, जो कि इस तीर्थ की पवित्रता को तार-तार करता है। जैन समाज इस तरह की अपवित्रता का घोर विरोध करता है तथा इसको पवित्र धार्मिक जैन तीर्थ क्षेत्र घोषित करने का आह्वान करता है। जैन समाज यहां की बुनियादी सुविधाओं के बदले इसे पर्यटन में बदलना कभी स्वीकार नहीं कर सकता और इसकी धार्मिक पृष्ठभूमि को कभी भी दूसरे रूप में नहीं बदला जाए, इसकी पुरजोर मांग करता है। जैन समाज इस बारे में देशभर में हस्ताक्षर अभियान चला रहा है और आगामी 18 दिसंबर रविवार 2022 को राजधानी दिल्ली के लाल किला मैदान पर सभी संतों के आशीर्वाद से तथा राष्ट्रसंत मुनि विहर्ष सागर जी ससंघ के परम सानिध्य में, जिन शासक तीर्थंकर महावीर स्वामी जी के 2550वें मोक्ष कल्याणक वर्ष के पूर्व एक विशाल महा अर्चना सम्मेद शिखरजी सहित सभी तीर्थों की सुरक्षा पावनता व संरक्षण के लिए आयोजित की जा रही है।

# विपक्ष के नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही केंद्र सरकार: संजय सिंह

**नई दिल्ली,** 12 दिसम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने देश में केंद्र सरकार द्वारा जांच एजेंसियों का दुरूपयोग विपक्ष के नेताओं के खिलाफ करने को लेकर सोमवार को राज्य सभा में पुरजोर विरोध किया। 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा विपक्ष के नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरूपयोग किया गया है। ईडी का इस्तेमाल करके पिछले 8 वर्षों में विपक्ष के नेताओं पर 3 हजार छापे मारे गए, जिनमें मात्र 23 लोग अपराधी पाए गए। ईडी और सीबीआई लुटेरे नीरव मोदी और विजय माल्या, नितिन संदेसरा, ललित मोदी, रेड्डी ब्रदर्स, व्यापम घोटाले पर कार्रवाई क्यों नहीं करती? अगर इसी तरह तानाशाही से देश चलाना चाहते हैं तो विपक्ष के



सभी नेताओं को जेल में डाल दीजिए।

'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जांच एजेंसियों का दुरूपयोग विपक्ष के नेताओं के खिलाफ हुआ है। ईडी का इस्तेमाल करके पिछले 8 वर्षों में विपक्ष के नेताओं पर 3 हजार छापे मारे गए। इनमें से मात्र 23 लोगों को ईडी क्नविक्ट कर पाई। इसका मतलब मात्र 0.5 फीसद। ये ईडी 20 हजार करोड़ रुपए का घोटाला करने वाले नीरव मोदी के खिलाफ क्यों चुप रहती है? इस सदन की सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी के जवाब में सरकार ने बताया कि 3 हजार छापे ईडी द्वारा मारे गए। मात्र 23 लोगों को अपराधी ठहराया किया गया।

मेरा इनसे सवाल है कि ईडी और सीबीआई, 20 हजार करोड़ रुपए के लुटेरे नीरव मोदी और विजय माल्या, नीतिन संदेशरा, ललित मोदी, रेड्डी ब्रदर्स, व्यापम घोटाले पर कार्रवाई नहीं करती। जितने भ्रष्टाचारी आपसे जुड़े हैं, उन पर कार्रवाई नहीं करते। मनीष सिसोदिया के घर पर आपने 14 घंटे छापे मारी की। सत्येंद्र जैन को आपने जेल में रखा है। अरविंद केजरीवाल समते सारे मंत्रियों पर छापे मारते हैं। सभी को जेल में डालकर बंद कर दिजिए। तानाशाही से अगर देश चलाना चाहते हैं तो सभी को जेल में डाल दीजिए। विपक्ष बंद कर दीजिए।

# वर्धमान मेडिकल कॉलेज में शुरू होगा इमरजेंसी मेडिसिन विभाग

## नए डॉक्टरों को दी जाएगी आपातकालीन सेवाओं की जानकारी

**नई दिल्ली,**12 दिसम्बर (देशबन्धु)। वर्धमान महावीर मेडिकल कालेज व सफदरजंग अस्पताल में जल्द ही इमरजेंसी मेडिसिन विभाग शुरू किया जाएगा। आपातकालीन विभाग में शुरू होने पर इसमें पोस्ट ग्रेजुएट कर रहे डॉक्टरों को इमरजेंसी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। उन्हें सिखाया जाएगा कि कैसे गंभीर मरीजों को प्राथमिक आपातकालीन उपचार किया जा सकता है। यहां एम्स की तर्ज पर सफदरजंग अस्पताल के मेडिकल कालेज में भी इमरजेंसी मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार होंगे। अभी तक इमरजेंसी विभाग में अलग-अलग विभाग के डॉक्टर मरीज का उपचार करते थे। इमरजेंसी मेडिसिन विभाग शुरू होने के बाद स्थिर व कम गंभीर मरीज को प्राथमिक स्तर पर उपचार मिल सकेगा। ज्यादा गंभीर होने पर संबंधित विभाग में भेजा जाएगा। अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार नेशनल मेडिकल कमिशन के निर्देश के अनुसार मेडिकल कॉलेजों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग होना जरूरी है। इसके मद्देनजर सफदरजंग अस्पताल में यह विभाग शुरू करने के लिए फैकल्टी स्तर के डॉक्टरों के नौ पद स्वीकृत हो चुके हैं।

### ऐसे मिलेगी सुविधा

अस्पताल में यदि कोई दुर्घटना का मरीज आता है तो इमरजेंसी मेडिसिन विभाग का मरीज ही उसका उपचार कर सकेगा। उक्त डॉक्टर हड्डी, दिमाग व अन्य की जांच के लिए सभी टेस्ट व जांच करवा सकेगा। यदि मरीज ज्यादा गंभीर होगा तो संबंधित विभाग को सौंपा जाएगा। इस सुविधा के शुरू होने के बाद मरीज को प्राथमिक स्तर पर ही उपचार मिल जाएगा।

# विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए दिव्यांगों की सुगम्य जागरूकता राइड

**नई दिल्ली,**12 दिसम्बर (देशबन्धु)। ईगल स्पेशियली एबल्ड राइडर्स द्वारा आयोजित सुगम्य जागरूकता राइड 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के लिए 'दिल्ली -लोंगेवाला वॉर मेमोरियल (जैसलमेर) दिल्ली, 2500 किमी को मुख्य अतिथि सुयश कुमार, चीफ मैनेजर (RS) दिल्ली डिविजिनल आफिस, इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड एवं विशिष्ट अतिथि संदीप शर्मा (रीजनल मैनेजर) कैस्ट्रोल इंडिया दिल्ली द्वारा श्री पशुपति कुमार पारस (खाद्य प्रसंस्कसरण उद्योग मंत्री, भारत सरकार तथा जयवर्धन गोहिल, रोबिन शर्मा (एरिया मैनेजर) शरद खुराना (फील्ड मैनेजर) पंकज सलगिया (मार्किट एक्टिवेशन मैनेजर) कैस्ट्रोल दिल्ली की उपस्थिति में भारतीय झंडा दिखाकर 29 नवंबर, 2022 को दिल्ली से रवाना किया गया था। 10 दिव्यांगो द्वारा रेट्रोफिटेड स्कूटी से 12 दिनों में 2500 किमी की दूरी तय की गयी। इस असाधारण मिशन में कई संस्थायों ने साथ दिया उनमें से प्रमुख है हेलमेट वाला, रविषा फाउंडेशन, कैस्ट्रोल बाइकिंग, इंडियन ऑयल, जेएमडी डिवाइन कंसोर्टियम, कैनेर कनेक्टर, वंडर व्हील्स, हिंदुस्तान आयल एवं क्राइम कंट्रोल डिफेन्स आर्गेनाइजेशन। सुगम्य जागरूकता राइड 29 नवंबर को दिल्ली से शुरू होकर पूरे राजस्थान से निकली जैसे मंडावा, बीकानेर, रामदेवरा, पोकरण, जैसलमेर, तनोत बार्डर, लोंगेवाला वॉर मेमोरियल, बाड़मेर, जोधपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर, कैली मंदिर, भरतपुर होते हुए 10 दिसम्बर, 2022 को दिल्ली पहुंची।





# दिल्ली पहुंचे केसीआर, कल करेंगे केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 12 दिसम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) इस महीने की 14 दिसम्बर को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन करने के लिए सोमवार को दिल्ली पहुंच गए। मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी और राज्यसभा सांसद संतोष कुमार शनिवार को दिल्ली के पटेल मार्ग में बीआरएस पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन की व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए दिल्ली पहुंचे। पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर आयोजित होम में केसीआर शामिल होंगे। सीएम केसीआर के चार दिनों तक दिल्ली में रहने की संभावना है।



केसीआर के आदेशानुसार इस महीने की 14 तारीख को पार्टी कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंत्री, विधायक, एमएलसी, सांसद और अन्य महत्वपूर्ण नेता दिल्ली पहुंच गए हैं। कई नेता सोमवार शाम को ही दिल्ली पहुंच गए। राजधानी में नेताओं के ठहरने और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी पार्टी सांसदों को सौंपी गई है। इस महीने की 14 तारीख को कार्यालय के उद्घाटन के बाद केसीआर वसंत विहार में निर्माणाधीन पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के स्थायी भवन के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण करेंगे।



## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड सं0-01, सैक्टर-नॉलिज पार्क-04
ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्वनगर उ0प्र0
सार्वजनिक सूचनए

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की BHS06 आवासीय भूखण्ड योजना के अन्तर्गत Sh. Sanjay Kumar Chaudhary & Sh. Hemendra Singh के पक्ष में आवंटन संख्या BHS0672885, भवन संख्या सी-331, क्षेत्रफल-90 वर्गमीटर, सैक्टर-MU-01 ग्रेटर नौएडा के अंतरिकी है। जिसमें से सह-अंतरिकी Sh. Sanjay Kumar Chaudhary की मृत्यु के उपरान्त सह-अंतरिकी Sh. Hemendra Singh S/o Sh. Surajmal Singh ने दिनांक 29.06.2022 को जारी वारिसान प्रमाण के आधार पर उक्त भवन को नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु प्राधिकरण के सम्पत्ति विभाग में प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Sh. Sanjay Kumar Chaudhary & Sh. Hemendra Singh के स्थान पर भवन/भूखण्ड को सह अंतरिकी Sh. Hemendra Singh S/o Sh. Surajmal Singh का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक सम्पत्ति
ग्रेटर नौएडा।

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गुनपुरा में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 449/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 14.11.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 राजपाल सिंह पुत्र चन्दर निवासी ग्राम गुनपुरा, परगना दनकौर, तहसील व जिला-गौतमबुद्वनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| गुनपुरा | 461 | स्व0 श्री राजपाल सिंह पुत्र चन्दर सिंह, निवासी ग्राम गुनपुरा, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर | श्रीमती छाया | पत्नी | 42 वर्ष |
| | | | श्री विवेक | पुत्र ना0बा0 | 15 वर्ष |
| | | | श्री आदेश नागर | पुत्र ना0बा0 | 13 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण